Export Target

90. CHAUDHARY HARMOHAN SINGH:
SHRI KANAKSINH MOHANSINH MANGROLA:

Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the export target of 30 per cent annual increase had been fixed;

(b) if so, what was the year-wise target of export achieved during the last two years;

(c) whether it is also a fact that the liberalised policy of the country is causing hindrances in achieving the export target; and

(d) if so, what is Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) The indicative export target for the year 1995-96 envisages around 18% to 20% growth in dollar terms over the exports valued at US$ 26223 million during 1994-95.

(b) Exports registered a 20% growth rate in dollar terms in 1993-94 which was the same as the target set for that year. In 1994-95, no formal target was set though Trade and Industry were exhorted to achieve 25% export growth, in US dollar terms. Actual export growth registered during 1994-95 is provisionally estimated at 18.3% in dollar terms.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

मध्य प्रदेश में कोयला खानें

91. **श्री अजीत जोगी:** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में कोयला खानों का ब्यौरा क्या है और उनमें कार्यरत श्रमिकों की संख्या कितनी है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इन खानों से प्रतिवर्ष कोयले का कितना उत्पादन किया गया; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान इन खानों द्वारा कितना लाभ अर्जित किया गया?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा): (क) मध्य प्रदेश में 135 कोयला खानें हैं और इन खानों में कुल 1,32,260 श्रमशक्ति नियोजित है।

(ख) इन खानों में वर्ष-वार उत्पादन का विस्तृत ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

वर्ष	(आंकड़े मिलियन टन में)
1992-93	70.49
1993-94	72.86
1994-95	75.12 (अनंतिम)

(ग) उपर्युक्त अवधि के दौरान इन खानों द्वारा कमाए गए लाभ की राशि नीचे दर्शायी गई है:—

वर्ष	(लाख रु० में)
1992-93	438.47
1993-94	627.15
1994-95 . . .	कमाए गए लाभ का विस्तृत ब्यौरा केवल लेखा-परीक्षा के पूरा किए जाने के बाद ज्ञात हो सकेगा।

मसालों का निर्यात

92. **श्री रहस बिहारी बारिक:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस समय कौन-कौन से विभिन्न प्रकार के मसालों का निर्यात किया जाता है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान मसालों के निर्यात से कुल कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई;

(ग) इन वर्षों के दौरान किन-किन देशों को मसालों का निर्यात किया गया; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?